प्रेस नोट दिनांक 07.12.2024 जनपद प्रतापगढ़ ।

थाना महेशगंज-

-एसपी प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी जारी

- उ0नि0 शिशिर पटेल द्वारा दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त कैलाश यादव गिरफ्तार
- झींगुर मोड़ के पास से अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय के कुशल नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के मार्गदर्शन/पर्यवेक्षण में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत थाना महेशगंज पुलिस द्वारा निरन्तर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों/ वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग अभियान चलाकर चेकिंग की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 07.12.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना महेशगंज मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में **उ0नि0 शिशिर पटेल** मय हमराह का० रामप्रकाश यादव, का0 रामबीर सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 70(1)/351 (3)/352 BNS व 3(1)द, 3 (1)ध व 3(2)va/3(2)v एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त कैलाश यादव पुत्र अमृतलाल यादव निवासी ग्राम खण्डवा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 22 वर्ष को झींगुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –
1- कैलाश यादव पुत्र अमृतलाल यादव निवासी ग्राम खण्डवा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 22 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह का० रामप्रकाश यादव, का0 रामबीर सिंह थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

थाना जेठवारा-

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत थाना जेठवारा पुलिस की पहल
महिला उ0नि0 आकांशा वर्मा द्वारा स्कूल प्रबन्धन के सहयोग से विद्यालय परिसर में लगवाया गया शिकायत पेटिका

-स्कूलों में लगाया जा रहा शिकायत पेटिका
-अब गोपनीय शिकायत कर सकेंगी छात्राएं,
-शिकायत पेटिका में मिले पत्रों पर होगी सख्त कार्यवाही
-एसपी डॉ0 अनिल कुमार ने शिकायत पेटिका को निरन्तर चेक करने के दिये निर्देश
-शिकायत पेटिका की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाये रखने हेतु संबंधित को दिये गये आवश्यक निर्देश

जनपद प्रतापगढ़।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान हेतु शासन द्वारा चलाये गये अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी/पूर्वी) तथा समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वर्तमान में प्रचलित 90 दिवसीय अभियान को सफल बनाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षा हेतु निरन्तर प्रतापगढ़ पुलिस एवं जनपद/थानों की एण्टीरोमियों टीमों द्वारा क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं से संवाद कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है एंव उनकी समस्याओं का श्रवण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 07.12.2024 को थाना जेठवारा से थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला उ0नि0 आकांशा वर्मा द्वारा छात्राओं/बालिकाओं की सुरक्षा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्रान्तर्गत सिटी पब्लिक स्कूल डेरवा जेठवारा में जाकर विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से शिकायत पेटिका लगवाई गई। अब विद्या अर्जित करने या जीवन में आगे बढ़ने के लिए बालिकाओं के रास्ते में कोई रूकवाट नहीं आने पायेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय परिसर में शिकायत पेटिका लगवाई गई है जिसमें छात्राएं गोपनीय तरीके से अपनी शिकायत की पर्ची डाल सकती हैं। जिसे स्थानीय पुलिस/ एण्टीरोमियो टीम द्वारा निरन्तर चेक किया जायेगा एवं पीड़िता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा।

-छात्राओं को मनचलों की शिकायत करने के लिए अब थाने, चौकी जाने की जरूरत नहीं है। आपके स्कूल-कालेज में पुलिस की ओर से शिकायत पेटी लगवाई जा रह है।

-इसमें मनचलों के साथ ही उत्पीड़न करने वाले शिक्षकों की भी शिकायत की जा सकेगी। इस शिकायत पेटिका की चाबी पुलिस के पास रहेगी और शिकायत करने वाली छात्रा का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। शासन के आदेश पर जिलेभर के स्कूल-कालेजों में यह शिकायत पेटियां लगवाई जा रही हैं।

-अभी तक क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक स्कूलों और कालेजो में मिशन शक्ति अभियान के तहत शासन के आदेश पर क्षेत्र के स्कूल-कालेजों में पेटियां लग चुकी है।